**हिन्दी**

**(301)**

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न-पुस्तिका में **तीन** खण्ड हैं—खण्ड 'क', खण्ड 'ख' और खण्ड 'ग'।

(ii) खण्ड 'क' के **सभी** प्रश्नों को हल करना है।

(iii) खण्ड 'ख' और खण्ड 'ग' में से **केवल एक खण्ड** के प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

(iv) खण्ड 'क' 85 अंकों का और खण्ड 'ख' **अथवा** खण्ड 'ग' 15 अंकों का है।

## खण्ड–क

**1.** (क) निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 4

नरहरि! चंचल है मति मेरी,
कैसे भगति करूँ मैं तेरी॥
तूँ मोंहि देखै, हौं तोहि देखूँ, प्रीति परस्पर होई।
तूँ मोंहि देखै, तोहि न देखूँ, यह मति सब बुधि खोई॥
सब घट अन्तर रमसि निरंतर, मैं देखन नहिं जाना।
गुन सब तोर, मोर सब औगुन, कृत उपकार न माना॥
मैं, तैं, तोरि-मोरि असमझि सौं, कैसे करि निस्तारा।
कह 'रैदास' कृष्ण करुणामय! जै जै जगत-अधारा॥

**अथवा**

सिखलायेगा वह, ऋत एक ही अनल है,
जिंदगी नहीं वह, जहाँ नहीं हलचल है।
जिसमें दाहकता नहीं, न तो गर्जन है,
सुख की तरंग का जहाँ अंध वर्जन है,
जो सत्य राख में सने, रुक्ष, रूठे हैं
छोड़ो उनको, वे सही नहीं, झूठे हैं।

(ख) निम्नलिखित पंक्तियों का काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : 2

बतरस लालच लाल की, मुरली धरी लुकाय।
सौंह करैं, भौंहनु हँसै, दैन कहै, नटि जाय॥

**2.** (क) निम्नलिखित पंक्तियों में प्रयुक्त छन्द का नाम लिखिए : 1

महूँ सनेह संकोच बस, सनमुख कही न बैन।
दरसन तृषित न आजु लगि, पेम पिआसे नैन॥

(ख) निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों में अलंकार बताइए : 1

काज परै कछु और है, काज सरै कछु और।
रहिमन भाँवर के भये, नदी सेरावत मौर॥

**3.** सन्त काव्य **अथवा** छायावादी काव्य की किन्हीं **दो** विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 2

**4.** 'मुझे कदम-कदम पर' **अथवा** 'कठपुतली' कविता का केन्द्रीय भाव लगभग *35* शब्दों में स्पष्ट कीजिए। 2

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग *35–35* शब्दों में लिखिए : 2+2

(क) "राम और भरत का प्रेम अद्वितीय था।" तुलसीदास के कथनों से **दो** प्रमाण देते हुए सिद्ध कीजिए।

(ख) 'वह तोड़ती पत्थर' में मजदूरनी के माध्यम से शोषित और शोषक वर्ग के जीवन की जिन विषमताओं को दर्शाया गया है, उनका उल्लेख अपने शब्दों में कीजिए।

(ग) 'मैं नीर भरी दुःख की बदली' कविता में कवयित्री ने अपने जीवन की समता 'नीर भरी बदली' से क्यों की है? किन्हीं **दो** स्थितियों के आधार पर समझाइए।

**6.** पठित पाठ के आधार पर मन्नू भण्डारी **अथवा** पंकज कुमार की भाषा-शैली की **दो** विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 2

**7.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग *50–50* शब्दों में दीजिए : 3+3

(क) "'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' रचना को पढ़कर ऐसा प्रतीत होता है कि नई पीढ़ी को दायित्वहीन कहने वाली पुरानी पीढ़ी दरअसल नए लोगों को दायित्व सौंपना ही नहीं चाहती।" क्या आप इस कथन से सहमत हैं? तर्कयुक्त उत्तर दीजिए।

(ख) 'अनपढ़ बनाए रखने की साजिश' सम्पादकीय के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

(ग) "कुटज अपने मन पर सवारी करता है, मन को अपने पर सवार नहीं होने देता।" लेखक के इस कथन का आशय स्पष्ट करते हुए बताइए कि आपको कुटज के जीवन से क्या प्रेरणा मिलती है?

**8.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 4

हम जीवन के विस्तृत व्यवहार में हिलते-झुकते रहें, समन्वयवादी रहें, पर सत्य के सिद्धान्त के प्रश्न पर हम स्थिर रहें, दृढ़ रहें और टूट भले ही जाएँ, पर हिलें नहीं, समझौता करें नहीं।

जीवन में देह है, जीवन में आत्मा है। देह है नाशशील और आत्मा है शाश्वत, तो आत्मा को हिलना-झुकना नहीं है और देह को निरन्तर हिलना-झुकना ही है, नहीं तो हम हो जाएँगे रामलीला के रावण की तरह, जो बाँस की खपच्चियों पर खड़ा रहता है—न हिलता है, न झुकता है।

**अथवा**

इस कृति में ईसा की दया, करुणा और क्षमा को भारतीय परम्परा से संपृक्त कर व्याख्या करने का प्रयास किया गया है। हिंसा, प्रतिशोध और स्वार्थ के अन्धकार से घिरे आज के विश्व के सामने ईसा का जीवन और दर्शन—दोनों ही प्रकाश की ओर उन्मुख करता है। निश्चय ही भारतीय ज्ञान परम्परा के रंग इससे समानता रखते हैं। मनुष्य जाति के कल्याण और उसके आसपास के भौतिक विश्व की भलाई के लिए उपयुक्त सत्य पाने की ओर प्रयास किया गया है जिसमें अन्वेषण की वृत्ति भी है।

**9.** (क) 'विराटा की पद्मिनी' उपन्यास का कौन-सा स्त्री पात्र आपको सर्वाधिक प्रिय लगता है और क्यों? अपने कथन की पुष्टि उदाहरण देते हुए कीजिए। 3

(ख) 'विराटा की पद्मिनी' उपन्यास की भाषा-शैली की **तीन** विशेषताओं का सोदाहरण उल्लेख कीजिए। 3

**अथवा**

'विराटा की पद्मिनी' उपन्यास की संवाद-योजना पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

**10.** (क) छोटी रानी ने बड़ी रानी को अपने षड्यंत्र में कैसे शामिल किया? 1

(ख) विराटा के पतन की सम्भावना पर कुंजर सिंह ने कुमुद को क्या कहा? 1

**11.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

स्वदेश की—इस भारत भूमि की रक्षा के लिए प्राणों तक को न्योछावर कर देना प्रत्येक देशवासी का परम कर्त्तव्य है। प्रेम जीवन का सम्बल है। इसके बिना जीवन निस्सार एवं व्यर्थ है। प्रेम-भावना केवल मनुष्यों में ही नहीं, पशु-पक्षियों में भी देखी जा सकती है। उन्हें भी अपने निवास-स्थल, घोसलों, अपने संगी-साथियों से प्रेम हो जाता है और वे उन्हें छोड़ अन्यत्र नहीं जाना चाहते।

देश पर संकट के बादल मँडराएँ तो उसकी रक्षा के लिए प्राण दे देना ही स्वदेश प्रेम नहीं है, बल्कि देश की सुख-समृद्धि के लिए, उसके उन्नयन के लिए हमारा किया गया प्रत्येक कार्य भी देश-प्रेम की कोटि में आता है। देश के साहित्यकारों व कलाकारों का साहित्य-सृजन व कलाओं की उन्नति, वैज्ञानिकों के नित-नए अनुसंधान व आविष्कार, उद्योगपतियों के उद्योग, किसानों का अन्न उपजाने का परिश्रम, सैनिकों का सर्दी-गर्मी-वर्षा के प्रकोप को सहकर भी सीमाओं पर देश की रक्षा करना, देश के सन्त-भक्त, समाज-सुधारकों और बुद्धिजीवियों द्वारा देश की संस्कृति का प्रचार एवं प्रसार आदि कार्य भी देश-प्रेम के अन्तर्गत ही आते हैं। देश का गौरव बढ़ाना, उसे खुशहाल रखना प्रत्येक नागरिक का जीवन-लक्ष्य होना चाहिए।

(क) पशु-पक्षियों के किस व्यवहार से पता चलता है कि उनमें भी प्रेम-भावना होती है? 1

(ख) उद्योगों द्वारा देश में सुख-समृद्धि कैसे लाई जाती है? 1

(ग) सैनिक देश की सीमाओं की रक्षा किस अवस्था में करते हैं? 1

(घ) प्रेम 'जीवन का सम्बल' क्यों कहा गया है? स्पष्ट कीजिए। 1

(ङ) प्रस्तुत गद्यांश के लिए एक उपयुक्त शीर्षक सुझाइए। 1

(च) प्रस्तुत गद्यांश से कोई **एक** मुहावरा छाँटिए और उसे वाक्य में प्रयुक्त कीजिए। 1

(छ) शुद्ध रूप लिखिए : 1

अन्र्तगत ; सस्कृति।

(ज) किन्हीं **दो** में समास का नाम बताइए : 1

सुख-समृद्धि ; जीवन-लक्ष्य ; देश-प्रेम।

(झ) विपरीतार्थक शब्द लिखिए : 1

स्वदेश ; उन्नति।

(ञ) किन्हीं **दो** में उपसर्ग छाँटकर अलग लिखिए : 1

खुशहाल ; प्रकोप ; निस्सार।

(ट) किन्हीं **दो** में प्रत्यय अलग कर मूल शब्द लिखिए : 1

कलाकार ; नागरिक ; गर्मी।

**12.** निम्नलिखित के उत्तर कोष्ठक में दिए गए निर्देशों के अनुसार दीजिए :

(क) सूक्ति, अन्वेषण (संधि-विच्छेद कीजिए) 1

(ख) मेरे पास केवल मात्र पाँच रुपए हैं। (शुद्ध वाक्य लिखिए) 1

(ग) सच बोलने वाला व्यक्ति निडर होता है। (मिश्र वाक्य में बदलिए) 1

(घ) शायद आज पिताजी दिल्ली आएँ। (प्रश्नवाचक वाक्य में बदलिए) 1

(ङ) रातभर मैं सो नहीं सका। (भाववाच्य में बदलिए) 1

**13.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

वह आता—
दो टूक कलेजे के करता, पछताता
पथ पर आता।
पेट पीठ दोनों मिलकर हैं एक,
चल रहा लकुटिया टेक,
मुट्ठी भर दाने को—भूख मिटाने को,
मुँह फटी पुरानी झोली को फैलाता—
दो टूक कलेजे के करता पछताता पथ पर आता।
साथ दो बच्चे भी हैं सदा हाथ फैलाए,
बाएँ से वे मलते हुए पेट को चलते
और दाहिना दया-दृष्टि पाने की ओर बढ़ाए।

भूख से सूख ओठ जब जाते
दाता-भाग्य-विधाता से क्या पाते?
घूँट आँसुओं के पीकर रह जाते।
चाट रहे जूठी पत्तल वे सभी सड़क पर खड़े हुए,
और झपट लेने को उनसे कुत्ते भी हैं अड़े हुए।

(क) प्रस्तुत काव्यांश में किसका वर्णन है? 1

(ख) 'मुँह फटी पुरानी झोली को फैलाता' काव्य-पंक्ति का अर्थ स्पष्ट कीजिए। 1

(ग) उसके साथ जो दो बच्चे हैं, वे क्या करते हैं? 1

(घ) वे बच्चे आँसुओं के घूँट पीकर क्यों रह जाते हैं? 1

(ङ) बच्चों से कुत्ते क्यों होड़ करते हैं? 1

**14.** निम्नलिखित में से किसी **एक** का भाव-पल्लवन कीजिए : 3

(क) गया समय लौटकर नहीं आता

(ख) मनुष्य वही जो मनुष्य के लिए मरे

**15.** आपके जन्मदिन पर मित्र द्वारा भेजे गए उपहार के लिए कृतज्ञता व्यक्त करते हुए पत्र लिखिए। 4

**अथवा**

बस-चालक के अभद्र व्यवहार के लिए दिल्ली परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबन्धक को शिकायती पत्र लिखिए।

**16.** निम्नलिखित गद्यांश का सार लगभग **एक-तिहाई** शब्दों में लिखिए : 4

मित्रता का अर्थ है व्यक्ति के सुख-दुख के क्षणों में सच्चे साथी का संग। एडीसन लिखते हैं कि, ''मित्रता खुशी को दूना करके और दुख को बाँटकर प्रसन्नता बढ़ाती है और दुख को कम करती है।'' निस्सन्देह मित्रता में दिलों में कोई दुराव या छिपाव नहीं होता; सच्चे मित्रों के शरीर दो पर आत्मा एक होती है। जिसे सच्चा मित्र मिल गया उसे समझो कुबेर का खज़ाना मिल गया। सच्ची मित्रता वही है जो हमें कुमार्ग की ओर जाने से रोके और सन्मार्ग की ओर प्रेरित करे; जो हमें निराशा के क्षणों में आशा की झलक दिखाए जिससे जीवन में स्फूर्ति, उत्साह और उल्लास आए और हमें जीवन जीना आनन्द से सराबोर लगे।

**17.** नेमी टिप्पण किसे कहते हैं और उन्हें क्यों लिखा जाता है? इस पर प्रकाश डालिए। 3

**अथवा**

प्रारूपण किसे कहते हैं? इसकी **दो** प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

**18.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग *300* शब्दों में निबन्ध लिखिए : 8

(क) कम्प्यूटर—आज के जीवन की आवश्यकता

(ख) बाल-मजदूरी—समस्या और समाधान

(ग) मेरा प्रिय खेल

(घ) पेड़-पौधे लगाओ—धरती का जीवन बचाओ

**19.** हिन्दी साहित्य का काल-विभाजन आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने आदिकाल, मध्यकाल और आधुनिक काल—तीन कालों में किया है। आदिकाल का समय 1000 ई० से 1350 ई०, मध्यकाल का समय 1350 ई० से 1850 ई० और आधुनिक काल का समय 1850 ई० से आज तक माना है। आदिकाल में तीन प्रकार का साहित्य लिखा गया—*(i)* धार्मिक प्रचार-प्रसार साहित्य, *(ii)* वीर काव्य, *(iii)* अन्य। धार्मिक साहित्य में (1) सिद्ध साहित्य, (2) नाथ साहित्य और (3) जैन साहित्य। वीर काव्य में रासो साहित्य और अन्य में अमीर खुसरो और विद्यापति की रचनाएँ।

मध्यकाल को भक्तिकाल और रीतिकाल दो भागों में विभाजित किया गया। रीतिकाल में तीन काव्यधाराएँ चलीं—*(i)* रीतिबद्ध काव्यधारा, *(ii)* रीतिमुक्त काव्यधारा और *(iii)* रीतिसिद्ध काव्यधारा।

उपर्युक्त ज्ञान को वृक्ष-आरेख द्वारा स्पष्ट कीजिए। 4

**20.** बीती रात गए आपने पड़ोसी के घर से 'बचाओ, बचाओ' की ऊँची आवाज़ें सुनीं। आपकी निद्रा टूटी और आप दौड़ कर पड़ोस में गए। वहाँ आपने क्या देखा और क्या किया—उसे लगभग *35* शब्दों में लिखिए। 2

## खण्ड–ख

## ( सूचना प्रौद्योगिकी और हिन्दी )

**21.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** को स्पष्ट कीजिए : ½+½=1

(क) पंक्ति-दर

(ख) कार्टून

(ग) तड़ित समाचार/फ्लैश

**22.** (क) संचार क्रान्ति के **दो** कारणों का उल्लेख कीजिए। 2

(ख) इंटरनेट की उपयोगिता का संक्षेप में उल्लेख कीजिए। 2

**23.** कमरतोड़ महँगाई के विरोध में सभी राजनैतिक विपक्षी दलों ने दिल्ली में समय-समय पर विरोध प्रदर्शन किये। इसके बारे में एक समाचार रिपोर्ट रेडियो के लिए तैयार कीजिए। 3

**24.** आप अपनी पुरानी मारुति कार बेचना चाहते हैं। उसके लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए, जिसमें कार की विशेषताओं का संक्षिप्त उल्लेख हो। 3

**25.** (क) फ़ीचर किसे कहते हैं? इसे कैसे प्रस्तुत किया जाता है? 2

(ख) समाचार प्राप्त करने के मुख्य स्रोत कौन-कौन से हैं? किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त प्रकाश डालिए। 2

## खण्ड–ग

## ( विज्ञान की भाषा—हिन्दी )

**21.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** को परिभाषित कीजिए : ½+½=1

(क) भू-तापीय ऊर्जा

(ख) हार्मोन

(ग) क्षारक

**22.** (क) खगोल विज्ञान के क्षेत्र में प्राचीन भारत की उपलब्धियों का संक्षेप में उल्लेख कीजिए। 2

(ख) वैज्ञानिक दृष्टि की किन्हीं **चार** विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 2

**23.** विज्ञान की भाषा की **तीन** मुख्य विशेषताओं पर सोदाहरण प्रकाश डालिए। 3

**24.** सोदाहरण सिद्ध कीजिए कि कम्प्यूटर के आने से सूचना और संचार के क्षेत्र में क्रान्ति आ गई है। 3

**25.** जनसंख्या-वृद्धि से उत्पन्न किन्हीं **चार** समस्याओं पर प्रकाश डालिए। 4

**अथवा**

जनसंख्या नियंत्रण हेतु सरकार तथा स्वयंसेवी संगठनों द्वारा किये गये किन्हीं **चार** उपायों का उल्लेख कीजिए।

★ ★ ★